# श्री देव सुमन उत्तराखण्ड़ विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड़–249 199

**Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay**

**Badshahithaul, Tehri Garhwal–249 199**

Tel. : 01376 – 254065 (O)
Fax : 01376 – 254065
Website: www.sdsuv.ac.in


पत्रांक :– 4165/SDSUV/प्रशासन/2025 दिनांक:–25 सितम्बर, 2025

## रद्दी विक्रय निविदा सूचना

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गयी सत्र 2023–24 (जो कि 06 माह पूर्व की हों) की मुख्य व्यक्तिगत/संस्थागत परीक्षाओं स्नातक/स्नातकोत्तर/सेमेस्टर परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकायें, परीक्षा आवेदन पत्र एवं विविध रद्दी एवं पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकेश में निष्प्रोज्य पाठ्य समाग्री की नीलामी की जानी है, जिस हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से सीलबन्द निविदा दिनांक 26 सितम्बर, 2025 .से दिनांक 15 अक्टूबर, 2025 अपराह्न 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की अधिकारिक बेवसाइट www.sdsuv.ac.in पर देखी जा सकती है।

Digitally signed by
DINESH CHANDRA
Date: 25-09-2025
15:21:52

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सम्पादक, हिन्दुस्तान को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा को अपने सम्मानित समाचार पत्र पर दिनांक 26/09/2025 को 6x4 सेमी0 के आकार में गढवाल संस्करण में प्रकाशित करने का कष्ट करे तथा 10 प्रतिशत की छूट देते हुये बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
2. निजी सचिव, कुलपति जी को, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. मुख्य वित्त अधिकारी।
5. सहायक परीक्षा नियन्त्रक, व्या0/मुख्य।
6. विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
7. कार्यालय प्रति।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

# श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, (टिहरी गढ़वाल)

## निविदा तिथि एवं समय– दिनांक 26.09.2025 से 15.10.2025 अपराहन 02:00 बजे तक

### विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं तथा परीक्षा सम्बन्धी सामग्री की नीलामी हेतु निविदा शर्ते/प्रपत्र

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल द्वारा आयोजित की गयी सत्र 2023–24 (जो कि 06 माह पूर्व की हों) की मुख्य व्यक्तिगत/संस्थागत परीक्षाओं स्नातक/स्नातकोत्तर/सेमेस्टर परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकायें, परीक्षा आवेदन पत्र एवं पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकेश में विविध रद्‌दी की नीलामी हेतु किया जायेगा।

## (क) तकनीकी निविदा की शर्ते–

1. निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रेषित करने हेतु निविदा आवेदन पत्र मूल्य रूपये 1000/– कुल मूल्य रूपये 1000/– का नॉनरिफेन्डेवल बैंक ड्राफ्ट वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) के पदनाम से जो कि चम्बा टिहरी में देय होगा, संलग्न करना होगा। बिना आवेदन पत्र मूल्य के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. निविदायें दिनांक 16 अक्टूबर, 2025 को मध्याहन 12:00 बजे खोली जायेंगी। अपूर्ण एवं कटिंग वाली निविदा को निरस्त करने का अधिकार समिति को होगा। यदि कोई निविदादाता उक्त समय उपस्थिति रहना चाहता है, तो रह सकता है।
3. निविदा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्र पर ही देनी होगी, तभी मान्य होगी।
4. तकनीकी निविदा हेतु निविदादाता को निम्न प्रमाण–पत्र संलग्न होने आवश्यक है:–
   (i) फर्म का पैन कार्ड की छायाप्रति।
   (ii) पेपर मिल हेतु पपलिंग प्रमाण पत्र, बिना पेपर मिल प्रमाण पत्र के निविदा मान्य नही होगी।
   (iii) धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट रूपये रू0 50,000.00 (रू0 पचास हजार मात्र)।
   (iv) फर्म का जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रमाणित प्रति।
   (v) फर्म का आयकर एवं जी0एस0टी0 के रूप में दों वर्षो .2022–23, 2023–24 का आयकर रिर्टन का छायाप्रति।
   (vi) फर्म का पिछले वर्ष 02 वर्षो का वार्षिक टर्न ओवर प्रत्येक वर्ष में रू 05 लाख़ से अधिक होना आवश्यक है (सी0ए0 का प्रमाण पत्र तथा बैलेंस सीट संलग्न करें)।
   (vii) निविदादाता फर्म का ब्लैक लिस्टेड न होने के सम्बन्ध में 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर नानज्यूडिशियल शपथ पत्र जो नोटरी द्वारा सत्यापित हो।
5. यदि तकनीकी निविदा के अन्दर उपरोक्त प्रमाण पत्र नहीं पाये जाते है तो वित्तीय निविदा का लिफाफा नहीं खोला जायेगा। वित्तीय निविदा वाले लिफाफे के अन्दर केवल दरों वाला आवेदन पत्र होना चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति यदि आवश्यक समझे तो दोनों लिफाफे को खोल सकती है। इसका अधिकार समिति के पास सुरक्षित है।

6. तकनीकी निविदा के साथ रूपयें रू0 50,000.00 (रू0 पचास हजार मात्र) मात्र का डिमांड ड्राफ्ट धरोहर राशि के रूप में वित्त अधिकारी, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) के पदनाम से बना हो, संलग्न करना अनिवार्य है जो चम्बा टिहरी गढ़वाल में देय होगा।
7. जिस फर्म की दरें स्वीकृत होगी, उस फर्म को आदेश मिलने के एक सप्ताह के अन्दर रद्दी का अनुमानित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल देयक बैंक शाखा चम्बा, टिहरी गढ़वाल के पदनाम देय होगा।
8. नीलाम की जाने वाली उत्तरपुस्तिकायें एवं रद्दी से सम्बन्धित सामग्री श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, मुख्यालय बादशाहीथौल, टि0ग0 एवं पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकश से उठायी जानी होंगी।
9. उत्तपुस्तिकाओं की रद्दी एंव अन्य विविध रद्दी जहां है, जिस स्थिति में है, फर्म को अपने व्यय पर उनकों अपनी व्यवस्था पर उठानी होगी। विविध में प्रश्नपत्रों के लिफाफे पैकिंग सामग्री भी सम्मिलित होगी। फर्म द्वारा यदि सम्पूर्ण सामग्री नहीं उठायी जायेगी, तो धरोहर राशि का भुगतान नही किया जायेगा।
10. विश्वविद्यालय को किसी एक या सभी निविदादाताओं को अथवा निविदा प्रक्रिया को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदादाता फर्म निरस्त किये जाने का कारण पूछने का अधिकार नहीं है।
11. निविदा खुलने के उपरान्त दरों तथा शर्तों में कोई संशोधन स्वीकार/मान्य नहीं होगा।
12. निविदा डालने के पश्चात् निविदा वापस नही होगी, अन्यथा धरोहर जब्त कर ली जायेगी, निविदा खुलने के पश्चात् जिस फर्म की दरें स्वीकार की जायेंगी, उसी फर्म की धरोहर धनराशि रोक कर शेष फर्मों की धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।
13. किसी विवाद की स्थिति में कुलपति का निर्णय अन्तिम होगा, जो दोनों पक्षों को मान्य होगा तथा किसी भी विवाद के लिये न्यायालय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल होगा।
14. फर्म को वाहन कांटे में तोलकर तथा रद्दी भी कांटे में तोलकर देय होगी।

### (ख) अन्य तकनीकी शर्ते–

1. विभागीय निविदा से प्राप्त एच–1 दर पर एक से अधिक फर्मों (निविदा में प्रतिभाग करने वाली फर्मों) की सेवाएं लिये जाने के लिए विभाग स्वतंत्र होगा।

## दण्डात्मक कार्यवाही–

1. अनुबन्धित अवधि के दौरान सेवादाता द्वारा अनुबन्ध की शर्तो का अनुपालन ठीक प्रकार से न किये जाने अथवा सन्तोषजनक सेवा प्रदान न किये जाने की दशा में धरोहर राशि की पूर्ण अथवा आंशिक धनराशि जब्त करने का अधिकार कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय को सुरक्षित होगा।

कुलसचिव

# तकनीकी बिड के अभिलेख, जमा करने का प्रारूप

## प्रपत्र 'अ'

## (तकनीकी बिड के अभिलेख जमा करने का प्रारूप)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | |
| 2 | निविदा कार्य का नाम | |
| 3 | फर्म का नाम | |
| 4 | स्थायी पता | |
| 5 | फोन नम्बर/मोबाईल नम्बर | |
| 6 | पैन नम्बर | |
| 7 | जी0एस0टी0 नम्बर | |
| 8 | निविदा शुल्क का बैंक ड्राफ्ट संख्या/दिनांक/बैंक एवं शाखा का नाम | |
| 9 | अग्रिम धरोहर राशि (ई0एम0डी0) की एफडीआर/बैंक गारन्टी की संख्या/दिनांक/बैंक एवं शाखा का नाम | |
| 10 | पेपर मिल हेतु पल्पिंग प्रमाण पत्र | |
| 11 | निविदादाता फर्म का विगत 2 वर्षों का आयकर रिटर्न (2023–24, 2024–25) | |
| 12 | निविदादाता फर्म का दो वर्षों का वार्षिक टर्न ओवर सी0ए0 द्वारा प्रमाणित | |
| 13 | फर्म के पते का प्रमाण पत्र (राशन कार्ड/डी0एल0/वोटर आई0डी0 कार्ड/आधार कार्ड/पासपोर्ट में से कोई एक) | |
| 14 | निविदादाता फर्म का ब्लैक लिस्टेड न होने के सम्बन्ध में 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर नानज्यूडिशियल शपथ पत्र जो नोटरी द्वारा सत्यापित हो। | |

मैं/हम.......................................इसके द्वारा श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल द्वारा आयोजित की गयी सत्र 2023–24 (जो कि 06 माह पूर्व की हो) की मुख्य व्यक्तिगत/संस्थागत परीक्षाओ स्नातक/स्नातकोत्तर/सेमेस्टर परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकायें, परीक्षा आवेदन पत्र एवं विविध रद्दी की नीलामी हेतु वार्षिक अनुबन्ध आधार पर अधिप्राप्ति सम्बन्धी कार्य को निविदा में वर्णित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अनुरूप करने के लिये निविदा निष्पादित करता हूं/करते हैं, जिसके लिये मैंने/हमने तकनीकी अर्हता की चैक–लिस्ट संलग्न की है। मैंने/हमने धरोहर धनराशि के रूप में रू0 50 हजार मात्र की धनराशि का एफ0डी0आर0 जो कि वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टि0ग0 के नाम देय होगा को जमा किया गया है।

हस्ताक्षर निविदादाता फर्म

पता–

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड–249199
Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay Badshahithaul, Tehri Garhwal,Uttarakhand – 249199

क्र:-4165 /SDSUV/कु0का0/2025 दिनांकः–25 सितम्बर, 2025

# रद्दी बिक्रय हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र

(क) उत्तर पुस्तिका की रद्दी हेतु दर शब्दों में ..................................................

अंको में ..................................................

(ख) निष्प्रोज्य पाठ्य सामग्री हेतु दर शब्दों में ..................................................

अंको में ..................................................

उपरोक्त निविदा प्रपत्र एवं संलग्न शर्तें मेरे द्वारा भलीभांति पढ़ ली गयी है तथा उसमें निहित नियम एवं शर्तें मुझे मान्य है।

तिथि एवं हस्ताक्षर निविदादाता ..................................................